***प्रेस नोट*** ***06/05/2026***

**हत्या के प्रयास करने वाला 01 नफर वांछित मुख्य अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी घोसी श्री जितेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में थाना दोहरीघाट क्षेत्र मे ग्राम चकेसर मे हुई गोली कांड के अनावरण के लिए प्रभारी निरीक्षक थाना दोहरीघाट मय पुलिस टीम के द्वारा लगातार सुरागरसी पतारसी, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। दिनांक 06.05.2026 को प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना दोहरीघाट पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 74/2026 धारा 3(5)/109(1)/352/61(2) बीएनएस से संबंधित वांछित मुख्य अभियुक्त गोलू उर्फ गोल्डन उर्फ रामसुन्दर पुत्र बैजनाथ साकिन जमुनीपुर थाना दोहरीघाट जनपद मऊ उम्र करीब 23 वर्ष को करीब समय 05.20 बजे बसियाराम पर चेंकिग कर रहे थे। चेंकिग के दौरान एक मोटरसाईकिल पर सवार 02 नफर अभियुक्त बसियाराम चौराहे से गोफा जाने वाली रोड की तरफ भागे तो पुलिस पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर अभियुक्तगण द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस बल पुलिस टीम द्वारा अपने बचाव पक्ष में फायरिंग की गयी तो मोटरसाईकिल पर पीछे बैठे अभियुक्त गोलू उर्फ गोल्डेन उर्फ रामसुन्दर उपरोक्त के बाये पैर में गोली लग गयी तथा वह ग्राम टिकरी (गोठा) नहर के किनारे गिर गया तथा अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से देशी तमंचा .315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस नाल में फंसा हुआ व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। तथा मोटरसाईकिल चला रहा अभियुक्त भागने में सफल रहा । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त से भागने वाले अभियुक्त का नाम पता पूछा गया तो बताया कि मेरे साथ बब्बी उर्फ सूरज पुत्र स्व0 विश्राम यादव साकिन हेमई थाना दोहरीघाट जनपद मऊ था जो मोटरसाईकिल चला रहा था मुझे गोली लगने के बाद मैं मोटरसाईकिल से गिर तो वह मुझे छोडकर बाईक लेकर भाग गया। तथा गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी दोहरीघाट रवाना किया गया। तत्पश्चात प्राथमिक इलाज के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

**अभियोग का विवरण**

1. मु0अ0सं0 74/2026 धारा 3(5)/109(1)/352/61(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना दोहरीघाट जनपद मऊ।

**नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त**

1. गोलू उर्फ गोल्डन उर्फ रामसुन्दर पुत्र बैजनाथ साकिन जमुनीपुर थाना दोहरीघाट जनपद मऊ

**बरामद सामान का विवरण**

**1.** 01 अदद देशी तमंचा .315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस नाल में फंसा हुआ .315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस .315 बोर

**<u>गिरफ्तार सुदा अभियुक्त गोलू उर्फ गोल्डन उर्फ रामसुन्दर का आपराधिक इतिहास</u>**

1. मु69  0सं0अ0/379 धारा 2023/ भादवि थाना दोहरीघाट जनपद मऊ 411
2. मु142  0सं0अ0/379 धारा 23/ भादवि थाना घोसी जनपद मऊ 411
3. मु157  0सं0अ0/411 धारा 2023/413/414/420/467/ भादवि थाना घोसी जनपद मऊ 468
4. मु159  0सं0अ0/3 धारा 23/ आर्म्स एक्ट थाना घोसी जनपद मऊ 25
5. मु254  0सं0अ0/3 धारा 2023(1) यू गेंगेस्टर एक्ट थाना घोसी जनपद मऊ 0पी0
6. मु32  0सं0अ0/3 धारा 2022/ आर्म्स एक्ट थाना मधुबन जनपद मऊ 25
7. मु107 0सं0अ0/379 धारा 2023/ भादवि थाना सरायलखन्सी 411जनपद मऊ
8. मु74   0सं0अ0/3 धारा 2026(5)/109(1)/352/61(2)  बीएनएस व 3(2)V एससी3 एसटी एक्ट व//आर्म्स एक्ट  25 थाना दोहरीघाट

**उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक खेल प्रतियोगिता–2026 में वाराणसी जोन की टीम से जनपद मऊ थाना सरायलखन्सी की म0उ0नि0 कोमल कसौधन ने जीता सिल्वर मेडल।**

जनपद मेरठ में दिनांक 27.04.2026 से 30.04.2026 तक आयोजित तृतीय उ0प्र0 पुलिस वार्षिक भारोत्तोलन क्लस्टर (भारोत्तोलन, योग एवं पावर लिफ्टिंग) प्रतियोगिता–2026 में वाराणसी जोन की टीम ने सराहनीय प्रदर्शन किया।

उक्त प्रतियोगिता के 57 किलोग्राम भार वर्ग में वाराणसी जोन के खिलाड़ी कोमल कसौधन ने प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया तथा प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जनपद मऊ थाना सरायलखन्सी एवं विभाग का गौरव बढ़ाया।

इस उपलब्धि पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा खिलाड़ी को बधाई दी गई तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

**क्रेडिट कार्ड के माध्यम से आवेदक से पैसे का फ्रॉड के धनराशि 29701.44/रु0 थाना मुहम्मदाबाद साइबर पुलिस टीम द्वारा वापस कराया गया-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के आदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी मु0बाद गोहना श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय व प्रभारी निरीक्षक श्री कमलकांत वर्मा थाना मुहम्मदाबाद के निर्देशन में थाना स्थानीय के साइबर पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के जांच के क्रम में आवेदक मो बश्सीर निवासी गालिबपुर थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ द्वारा साइबर पोर्टल पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से आवेदक से पैसे का फ्रॉड हो जाने के संबंध में शिकायत की जांच के क्रम में थाना स्थानीय पर नियुक्त साइबर टीम की म0आ0 म0आ0प्रिया सिंह व म०आ० शालिनी मौर्या द्वारा कार्यवाही करते हुए आवेदक के फ्रॉड की गई धनराशि 29701.44/रु0 को उसके खाते में वापस कराया गया।

**शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाने वाला एक नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

**पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर** के द्वारा जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बराये रखने हेतु अपराध नियत्रंण के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व **अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार** के कुशल पर्यवेक्षण व **क्षेत्राधिकारी नगर श्री किश राजपूत** के कुशल निर्देशन में तथा **थानाध्यक्ष बसन्त लाल थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ** के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 06.05.2026 को थाना दक्षिण टोला पुलिस टीम को क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली शादी का झांसा देर शारीरिक सम्बन्ध बनाने वाला वाँछित अभियुक्त अब्दुल वाहिद पुत्र मुख्तार सासलेमपुरा हकीकतपुरा थाना 0 दक्षिण टोला जनपद मऊकही भागने की फिराक में रामपुर चकिया फ्लाई ओवर के पास मौजूद हैउक्त सूचना पर , 10 गण के द्वारा उक्त अभियुक्त को समय0अरूण कुमार सिंह मय हमराही कर्म 0नि0उ.बजे गिरफ्तार किया 05 गया। अभियुक्त केविरूद्ध पंजीकृत अभियोग में विधिक कार्यवाही करते हुए मान्यायालय प्रेषित किया जा रहा 0 है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. अब्दुल वाहिद पुत्र मुख्तार सासलेमपुरा हकीकतपुरा थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ 0

**पंजीकृत अभियोग –**

1. मु.सं.अ. /632026 धारा 69/115(2)/352/351(2) बीथाना दक्षिण टोला जनपद मऊ 0एस0एन0

**थाना कोपागंज पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान आज दिनांक 06.05.2026 को शिवपुर गाढा के पास मु0नं0 463/21, अ0सं0 245/02 धारा 324, 504, 506 भादवि थाना कोपागंज जपनद से वारण्टी अभियुक्त परदेशी पुत्र बाढ़ू निवासी शिवपुर गाढा थाना कोपागंज जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

**अज्ञात व्यक्ति द्वारा फ़ोन करके पैन कार्ड अपडेट के नाम पर साइबर फ्रॉड की गयी 3,85,891/- रुपये, थाना घोसी साइबर पुलिस टीम द्वारा वास्तविक स्वामी को वापस कराया गया–**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के निर्देशन में साइबर फ्रॉड रोकथाम व जागरूकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी घोसी श्री जितेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन व प्रभारी निरीक्षक घोसी श्री प्रमेंद्र कुमार सिंह व अपराध निरीक्षक श्री मोतीलाल पटेल के कुशल नेतृत्व में थाने पर साइबर टीम द्वारा साइबर पुलिस पोर्टल पर शिकायत संख्या 23101250008112 आवेदक अमरजीत चौहान पुत्र घूरा चौहान निवासी गंगुआबारी पोस्ट हमीदपुर थाना घोसी जनपद मऊ के साथ दिनांक 14.01.2025

को साइबर फ्रॉड द्वारा अपने खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा फ़ोन करके पैन कार्ड अपडेट के नाम पर साइबर फ्रॉड कर लिया था जिसके संबंध में आवेदक द्वारा साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गई थी जिसके तहत थाना घोसी में नियुक्त साइबर टीम उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह (नोडल अधिकारी), उपनिरीक्षक दिनेश यादव (सहायक नोडल अधिकारी), हेड ऑपरेटर अरविंद यादव, महिला आरक्षी काजल सिंह व महिला आरक्षी पुष्पलता पांडे द्वारा तत्काल कार्रवाई करके पीड़ित अमरजीत चौहान पुत्र घूरा चौहान निवासी गंगुआबारी पोस्ट हमीदपुर थाना घोसी जनपद मऊ की फ्रॉड धनराशि होल्ड कराई गई थी जिसके तहत पीड़ित को दिनांक 06.05.26 को सम्पूर्ण धनराशि 3,85,891/- रुपये वापस कराया गया।

**उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत, पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन** में दिनांक 06/05/2026 को जनपद समस्त सर्किलों के समस्त थानो के थाना प्रभारी/थाना अध्यक्षों, महिला बीट आरक्षियों द्वारा "मिशन शक्ति फेज-5.0" के तहत एक विशेष जन-जागरूकता अभियान किया गया इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद की महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना एवं उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु पुलिस की सक्रिय भूमिका को स्थापित करना है।
“सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर महिला ही सशक्त समाज की नींव होती है। मऊ पुलिस मिशन शक्ति अभियान को केवल औपचारिकता के रूप में नहीं, बल्कि जनहित में एक निरंतर प्रयास के रूप में देखती है और इसके तहत महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रतिबद्ध रहेगी।”
महिला सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई-
महिलाओं व छात्राओं को कानूनी अधिकार, सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1090, 112, 181, 1930, 102 आदि ) की जानकारी दी गई एवं किसी भी आपात स्थिति में उनसे कैसे सहायता प्राप्त की जा सकती है, यह भी विस्तार से बताया गया। तथा आत्मरक्षा के उपाय सिखाए गए।

- **मिशन शक्ति/एंटीरोमियों की गठित टीम द्वारा की गयी कार्यवाही का कुल विवरण निम्मवत है -**

महिला सुरक्षा हेतु मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम की कार्यवाही का विवरण (दिनांक 01.01.2026- 30.03.2026 ) तक-
महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत जनपद मऊ में मिशन शक्ति/एंटीरोमियों टीम के द्वारा दिनांक 01.01.2026 से 30.03.2026 तक व्यापक कार्यवाही की गई। इस अवधि में जनपद स्तर पर टीम का गठन एवं सक्रिय संचालन सुनिश्चित किया गया।
उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जनपद में कुल 13 मिशन शक्ति/ एंटीरोमियों टीमों का गठन किया गया, जिनमें 12 उपनिरीक्षक, 24 आरक्षी (36 पुरुष पुलिसकर्मी) एवं 01 म0उ0नि0 40 म0आरक्षी (41 महिला पुलिसकर्मी) नियुक्त किए गए।

गठित टीम द्वारा अभियान के अंतर्गत विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, मंदिरों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए, जिनकी कुल संख्या लगभग 7000 रही। इन अभियानों के माध्यम से लगभग 1,21,909 व्यक्तियों को जागरूक किया गया।

कार्यवाही के दौरान कुल 7 अभियोग पंजीकृत किए गए तथा 7 अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई। इसके अतिरिक्त 34,245 व्यक्तियों का सत्यापन/चेकिंग भी की गई।

- ❖ दिनांक 01.04.2026 से 30.04.2026 तक सघंन अभियान चलाया गया। इस अवधि में टीमों का प्रभावी संचालन करते हुए विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर निरंतर निगरानी एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जनपद में कुल 13 मिशन शक्ति/एंटीरोमियों टीमों का गठन किया गया, जिनमें 12 उपनिरीक्षक, 24 आरक्षी (36 पुरुष पुलिसकर्मी) एवं 01 म0उ0नि0 40 म0आरक्षी (41 महिला पुलिसकर्मी) नियुक्त रहे।

अभियान के दौरान विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, मन्दिरों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में कुल 2409 स्थानों/कार्यक्रमों पर चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके माध्यम से लगभग 36,447 व्यक्तियों को जागरूक किया गया।

इस अवधि में कुल 3 अभियोग पंजीकृत किए गए तथा 3 अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई। इसके अतिरिक्त 10,564 व्यक्तियों की चेकिंग/सत्यापन की कार्यवाही भी की गई।

जनपद मऊ पुलिस प्रशासन द्वारा महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आगे भी ऐसे अभियानों को निरंतर जारी रखने का आश्वासन दिया गया है।